एक नजर में

## शोध का उद्देश्य समस्याओं का समाधान हो



**इंदौर.** इंटरनेशनल इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च एंड इनोवेशन कॉन्फ्रेंस का सफल समापन काठमांडू नेपाल में हुआ. वर्ल्ड रिसर्च कॉन्फ्रेंस एवं ऑर्किड इंटरनेशनल कॉलेज द्वारा नेपाल स्टैटिस्टिकल सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों के शोधकर्ता, शिक्षाविद, विशेषज्ञ और छात्र शामिल हुए. वर्ल्ड रिसर्च कॉन्फ्रेंस के समन्वय में सम्मेलन में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सतत विकास जैसे विविध विषयों पर कुल 117 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए. इनमें से कई पत्र भौतिक रूप से और कुछ ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत हुए. वर्ल्ड रिसर्च कॉन्फ्रेंस के सीईओ राजेश वर्मा ने बताया कि इस तरह की कॉन्फ्रेंस विभिन्न देशों में समय-समय पर आयोजित होती रहती हैं। इससे शोधकर्ताओं को वैश्विक मंच मिलता है और ज्ञान के आदान-प्रदान से सभी को लाभ होता है. उद्घाटन सत्र में डॉ. बिजय लाल प्रधान ने स्वागत भाषण दिया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति बिजु कुमार थपलिया ने कहा कि शोध का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत विकास नहीं, बल्कि सामाजिक समस्याओं का समाधान होना चाहिए. प्रतिभागियों ने कहा कि इस मंच से ज्ञान के आदान-प्रदान, पेशेवर सहयोग और भविष्य की शोध साझेदारी के महत्वपूर्ण अवसर मिले. समापन पर वर्ल्ड रिसर्च कॉन्फ्रेंस के कोऑर्डिनेटर डॉ. राकेश उपाध्याय ने सभी आयोजकों, प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थानों का आभार माना. उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मंच नवाचार और अंत:विषय सहयोग के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. सम्मेलन ने नवाचार, अंत:विषय सहयोग और अकादमिक नेटवर्किंग के लिए एक सशक्त अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया.

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा




**इंदौर.** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश,भोपाल,जिला इकाई इंदौर का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी से मिला।प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी भार्गव को चर्चा के दौरान बताया कि 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों, सहायक शिक्षकों एवं नवीन शैक्षिक संवर्ग के सेवारत एवं सेवानिवृत लोकसेवकों की चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश आपके द्वारा जारी किए गए हैं, किंतु मात्र 02 सूची क्रमश: 69 एवम 22 पात्र लोकसेवकों की ही अब तक जारी की गई है. अभी भी सैकड़ों पात्र लोकसेवक इसके लाभ से वंचित है. अत: शेष रहे चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश (सूची) शीघ्र जारी करने एवं अन्य वित्तीय लंबित पीपीओ, जीपीएफ,अर्जित अवकाश के प्रकरणों के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा की. श्रीमती भार्गव ने गंभीरता पूर्वक सभी प्रकरणों को सूचीबद्ध किया,और त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया. आपने चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान की शेष रहे प्रकरणों में से 65 प्रकरणों की सूची 1-2 दिन में जारी करने एवम यह प्रक्रिया सतत जारी रहने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधि मंडल में संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी भगवती प्रसाद पंडित, देपालपुर तहसील अध्यक्ष सूरज सिंह बोड़ाना, सोहनलाल परमार सहित बड़ी संख्या में एसोसिएशन के पदाधिकारी गण जिनमें दीपक धनोड़कर, रमेश कुमार सिंदेल, कैलाश सेन,हरीश सक्सेना,नरेंद्र पुरोहित,आदि शामिल थे।यह जानकारी जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने दी.

## वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक प्रशिक्षण शिविर का समापन



**इंदौर.** तीर्थधाम ढाईद्वीप जिनायतन, इंदौर में पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर द्वारा संचालित एवं श्री कुन्दकुन्द कहान शासन प्रभावना ट्रस्ट, इंदौर के तत्वावधान में आयोजित 58वें श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को दीक्षांत एवं भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि सन् 1969 से आध्यात्मिक सत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के प्रभावनायोग में संचालित यह प्रशिक्षण परम्परा जैन समाज को योग्य अध्यापक, संस्कारित कार्यकर्ता एवं तत्वज्ञान के अध्ययन-अध्यापन में दक्ष विद्वान प्रदान करती रही है. 17 मई से प्रारम्भ हुए इस 18 दिवसीय शिविर में देशभर से आए साधर्मीजनों ने जैनदर्शन, अध्यात्म, तत्त्वज्ञान एवं अध्यापन कौशल का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोकजी बड़जात्या ने की. मंच पर ढाईद्वीप की महामंत्री सोनल जैन, टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टी पण्डित अध्यात्मप्रकाश भारिल्ल मुम्बई, बिपिनजी शास्त्री मुम्बई सहित अनेक विद्वान एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे. डॉ. शान्तिकुमार पाटील, पण्डित कमलचंद जैन, पिड़ावा, पण्डित अरुणजी बन्ड, जयपुर तथा डॉ. प्रवीणकुमार शास्त्री सहित अनेक विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही. पण्डित अध्यात्मप्रकाश भारिल्ल ने शिविर का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह शिविर केवल ज्ञान प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अध्यापक निर्माण एवं आत्मजागरण का सशक्त अभियान है. डॉ. शान्तिकुमार पाटील ने कहा कि शिविर से प्राप्त ज्ञान तभी फलदायी है जब वह जीवन और व्यवहार में उतरकर समाज के कल्याण का माध्यम बने. डॉ. हुकमचंद भारिल्ल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैनदर्शन का अध्ययन केवल बौद्धिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है. शिविर की विस्तृत रिपोर्ट, परीक्षा परिणाम तथा पुरस्कारों की घोषणा पण्डित कमलचंद जैन, पिड़ावा द्वारा की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं, अभ्यास वर्गों एवं अध्ययन गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोकजी बड़जात्या ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की आधारशिला हैं.

## सम्मान समारोह के निमंत्रण का विमोचन



**इंदौर.** दसवीं, बारहवीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा. साथ ही शिक्षा जगत समर्पितों का बहुमान और समाज के गौरवशाली इंजिनियर सम्मान होगा. अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान के परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन ने बताया कि 7 जून को मन्दसौर के लॉयन डेन, कलक्टरी रोड स्थित गार्डन में आईआरएस एडिशनल कमिश्नर कस्टम श्री विरेन्द्र कुमार जैन के हाथों होगा सम्मान. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश कुमार जैन अध्यक्ष नरसिंहपुरा समाज इन्दौर करेंगे. मुकेश कुमार जैन अपनी समाज इन्दौर की पुरी टीम के साथ मन्दसौर पहुंचेंगे. साथ ही सम्मान समारोह में विशेष रूप से उधोगपति महावीर जैन एवं महिपाल जैन दलोदा वालों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम की विशेष तैयारी हेतु विदर्भ जैन इन्दौर, कोमल प्रकाश पंछी एवं दिलिप कुमार भोलिया की कमेटी गठित कि गई है. आज संस्थान कार्यालय में उपस्थित महानुभावों कि उपस्थिति में संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन, संस्थान राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष चेतन मुसलिया एवं महामंत्री रितेश सुरावत द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान की श्रंखला में भाजापा मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल का सम्मान पत्र प्रदान कर बहुमान किया गया. महामंत्री रितेश सुरावत ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा जगत, बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त बच्चों एवं इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करने वाले सम्मान समारोह निमंत्रण पत्र का पदाधिकारीयों द्वारा विमोचन किया गया. संस्थान के प्रदेश के प्रवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि अध्यक्षता कार्याध्यक्ष चेतन जैन ने की संचालन महामंत्री रितेश सुरावत ने एवं धन्यवाद हंस मुख गनोडिया ने दिया.

# वाहन चोर गैंग का नाबालिग साथी भी धराया, 6 दोपहिया बरामद

### चार आरोपियों को पहले ही पकड़ चुकी है पुलिस



नव भारत न्यूज

**इंदौर. वाहन चोर गैंग पर कार्रवाई करते हुए तुकोगंज पुलिस ने गैंग के एक नाबालिग साथी को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं. आरोपी लॉक तोड़कर डायरेक्ट वायरिंग से गाड़ियां चुराता था. उसने शहर के कई थाना क्षेत्रों से चोरी की वारदात कबूल की हैं. पुलिस इस गैंग के 4 बदमाशों को पहले ही पकड़ चुकी है.**

शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान तुकोगंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वाहन चोरी का फरार नाबालिग आरोपी कंचन बाग क्षेत्र में मौजूद है. सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा. पूछताछ में उसने वाहन चोरी की वारदातें स्वीकार कर लीं. आरोपी ने बताया कि वह सूने स्थानों और पार्किंग में खड़े वाहनों के लॉक तोड़कर डायरेक्ट वायर कनेक्शन से उन्हें चोरी करता था.

**आरोपी ने एक स्कूल के ग्राउंड में खड़े कर रखे थे 6 दोपहिया वाहन**

आरोपी ने तुकोगंज, सांवेर, परदेशीपुरा, एमआईजी और आजादनगर थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करना कबूल किया है. उसकी निशानदेही पर जंजीर वाला चौराहा स्थित एक स्कूल ग्राउंड से 6 दोपहिया वाहन बरामद किए, जिनकी कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है. इससे पहले इसी गैंग के चार अन्य साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है, जिनसे 12 वाहन जब्त किए थे. एडीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि बरामद वाहनों के वास्तविक मालिकों की जानकारी जुटाई जा रही है और आरोपी से आगे पूछताछ जारी है, कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र चौहान सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही.

# ब्रिक्स सम्मेलन : इंदौर में 9 से 13 जून तक हाई अलर्ट

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हजारों जवान तैनात**

**एयरपोर्ट से वीवीआईपी रूट तक कड़ा पहरा**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** 9 से 13 जून तक इंदौर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है. विदेशी मेहमानों और डेलीगेट्स की सुरक्षा के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने व्यापक सुरक्षा प्लान लागू किया है. एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल और वीवीआईपी रूट तक चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी, जबकि ट्रैफिक डायवर्जन का भी विशेष खाका तैयार किया है.

पांच दिवसीय इस हाई-प्रोफाइल सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि और राजनयिक शामिल होंगे, जिसे देखते हुए इंदौर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लेकर डेलीगेट्स के ठहरने के होटलों और मुख्य आयोजन स्थल तक पूरे रूट को कड़े सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा. चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी.

**ट्रैफिक डॉयवर्जन का विशेष प्लान बनाया**

सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर भी पुलिस ने विस्तृत योजना तैयार की है. वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा. पूरे आयोजन स्थल और रूट की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक और डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट की मदद ली जाएगी. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह स्वयं सुरक्षा व्यवस्था और लॉजिस्टिक्स की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की चूक न हो.

# पॉक्सो मामले में सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील

### आरोपी ने लगाई 5 साल की सजा पर रोक की गुहार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 12 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के मामले में ट्रायल कोर्ट से सजा पाने वाले आरोपी ने अब फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. आरोपी ने सजा पर रोक और जमानत देने की मांग भी की है.**

जानकारी के अनुसार परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने आरोपी प्रभाकर बापट उम्र 78 साल को विभिन्न धाराओं में दोषी मानते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया था. फैसले के खिलाफ आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अपील दायर की है. अपील में ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए साक्ष्यों और सुनवाई प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं. साथ ही अपील लंबित रहने तक सजा निलंबित करने और जमानत देने की मांग की गई है. उधर, अभियोजन पक्ष ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही बताते हुए आरोपी को राहत दिए जाने का विरोध करने की तैयारी शुरू कर दी है. मामले में अब हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# पड़ोसी का उत्पात : घर पर पत्थर फेंके, बाइकों में तोड़फोड़

### महिला से विवाद के बाद मचाया हंगामा, दहशत में लोग, आरोपी की तलाश जारी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक युवक ने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर पर पत्थरबाजी कर दी और बाहर खड़ी बाइकों में तोड़फोड़ की. घटना से इलाके में दहशत फैल गई. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.**

घटना मंगलवार दोपहर की है, जब क्षेत्र में रहने वाला युवक लक्की जाटव अचानक विवाद के बाद उग्र हो गया. उसने पड़ोस में रहने वाली महिला के घर पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया और बाहर खड़ी बाइकों में भी तोड़फोड़ की. घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और महिलाएं व बच्चे डर के कारण घरों में दुबक गईं. घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पीड़ित महिलाओं ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है.

**घटना का वीडियो भी आया सामने**

राधा नाम की महिला जूते-चप्पल की दुकान संचालित करती है. वह घर से मंदिर जाने के लिए निकली थी. इसी दौरान उसकी बेटी से हुई बातचीत को लेकर गलतफहमी हो गई. आरोप है कि आरोपी की मां को लगा कि महिला उसके बारे में टिप्पणी कर रही है, जिसके बाद उसने अपने बेटे को बताया. इसके बाद युवक लक्की जाटव घर से बाहर आया और विवाद करते हुए पत्थरबाजी व तोड़फोड़ शुरू कर दी. घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी बाइकों को नुकसान पहुंचाते और घर की ओर पत्थर फेंकते नजर आ रहा है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है.

# सनातन और वैष्णव धर्म की मजबूती के लिए एकजुट हों

### दशा नीमा समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव, आज गोवर्धन पूजा



**इंदौर. धर्म की जब-जब हानि होती है, भगवान भारत भूमि पर अवश्य अवतार लेते हैं. भगवान कृष्ण और राम के चरित्र आज हजारों वर्ष बाद भी वन्दनीय और पूजनीय बने हुए हैं क्योंकि समाज के गौरव और अस्मिता को बढाने तथा दुष्टों का नाश कर भक्तों की रक्षा करने का संकल्प हम सबको आज भी अनुभूत होता है. यदि हमने समय को सही ढंग से नहीं काटा तो समय भी हमें काटे बिना नहीं छोड़ेगा. अब वक्त आ गया है कि हम सनातन और वैष्णव धर्म की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करें.**

प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया ने बुधवार को श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित धर्मशाला भवन पर ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वामन अवतार, श्रीराम अवतार, कृष्ण जन्म एवं नंद महोत्सव प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा में बुधवार को विधायक मालिनी गौड़, श्रीमती मीता रामबाबू राठौर के साथ अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा, संयोजक सतीश नीमा मालक, वरिष्ठ ट्रस्टी मेहश नीमा गामा, अनिल एन नीमा आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया.

विद्वान वक्ता की अगवानी नीमा युवा मंच के अध्यक्ष वल्लभ नीमा, रामनिवास नीमा, सुशील नीमा, शैलेन्द्र नीमा, प्रदीप नीमा, देवेन्द्र नीमा, महेश नीमा ने की. मातृशक्ति की ओर से ममता नीमा, सुषमा नीमा, अनिता नीमा, जमुना नीमा तथा करुणा नीमा ने आरती की व्यवस्थाएं संभाली. कथा में आज कृष्ण जन्म का उत्सव पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कथा शुभारंभ पर गिरधरगोपाल नीमा एवं कमल कुमार नीमा ने भागवत जी का पूजन किया.संयोजक सतीश नीमा मालक एवं अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा ने बताया कि कथा में गुरुवार 4 जून को बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा प्रसंगों की कथा होगी.

## पर्यावरण जागरूकता और एआई पर सेमिनार आज

**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्टस इंदौर सेंटर द्वारा एक विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ वास्तुकला एवं डिज़ाइन क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों से प्रतिभागियों को परिचित कराना है. 5 जून को होने वाले इस तीन घंटे के सेमीनार में जिसमें शहर के आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनर्स एवं कन्स्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स एकत्रित होंगे. कार्यक्रम की संयोजक एवं आईआईए इंदौर सेंटर की सचिव आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के ने बताया कि यह सेमिनार आर्किटेक्ट सोमाली सिन्हा द्वारा संचालित किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को एआई के व्यावहारिक उपयोगों एवं उद्योग में उसके बढ़ते प्रभाव के बारे में मार्गदर्शन देंगी. आईआईए इंदौर सेंटर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट नितिन घुले ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा.

# कलयुग में वैंकटेश महाप्रभु प्रत्यक्ष देवता हैं : स्वामी माधवप्रपन्नाचार्य



**इंदौर.** भगवान ने प्रत्येक मनुष्य को बुद्धि प्रदान की है, किंतु कलियुग में मनुष्य अपनी बुद्धि के अहंकार में स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सबसे अधिक ज्ञानी मानने लगता है. यही अहंकार उसे प्रभु भक्ति से दूर कर देता है. कलयुग में वैंकटेश महाप्रभु प्रत्यक्ष देवता है।

यह विचार रामानुज कोट, उज्जैन के युवराज स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य ने माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज द्वारा व्यंकटेश बालाजी कथा महोत्सव के तीसरे दिन माहेश्वरी भवन नवलखा में व्यक्त किये. स्वामी जी ने कहा कि बुद्धि का वास्तविक उद्देश्य केवल तर्क और ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि उसे भक्ति के मार्ग में लगाना है. जीवन में प्रधानता बुद्धि की नहीं, बल्कि भक्ति की होनी चाहिए. जब बुद्धि भक्तिमय बन जाती है, तब वह मनुष्य के जीवन को सार्थक और कल्याणकारी बना देती है. उन्होंने कहा कि हमारी बुद्धि में भक्ति का भाव जागृत होना ही भगवान का विशेष आशीर्वाद है. भक्तिमय बुद्धि प्रदान करने वाले स्वयं भगवान श्रीनिवास (श्री वेंकटेश बालाजी) हैं. आपने कहा कलयुग आने वाला है, भगवान का अवतार कैसे हो, इसकी चिंता भगवान ब्रह्मा जी कर रहे हैं. द्वापर युग का विश्राम हो गया है, कल्कि अवतार भी कलयुग के अंतिम चरण में आएगा. तब तक जगत का काम कैसे चलेगा।

संगठन मंत्री सुनीता नवाल व कुसुम गिलड़ा ने बताया कि कथा के पश्चात पुष्पयागम उत्सव अत्यन्त उत्साह से मनाया गया. बालाजी भगवान को विभिन्न पुष्प एवं पुष्प सार (इत्र) अर्पित किए. वेद मंत्र, भजन और दिव्य संगीत के बीच, हजारों भक्तों की उपस्थिति में उक्त उत्सव सम्पन्न हुआ.आज कथा प्रसंग में यजमान अशोक रानी काबरा, सुभाष वीणा राठी, भरत सुमन सारडा, किरण लखोटिया, शिखा लखोटिया, सोना कोठारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे.

# नरसिंह वाटिका में आज सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में 500 से अधिक साधक होंगे शामिल

### शंकराचार्य सहित अनेक संत आएंगे

**इंदौर** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुरुवार 4 जून को दोपहर 3 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर गुप्त काशी-केदारखंड के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में होने वाले सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में 500 से अधिक साधक शामिल होंगे. अनुष्ठान में जगदगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ, पंचायती अखाडा श्री निरंजनी हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जयगिरि महाराज, चारधाम मंदिर उज्जैन के अधिष्ठाता स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरि सहित देश के अनेक प्रमुख तपोनिष्ठ संत विद्वान भी अपना सानिध्य प्रदान करेंगे.

अनुष्ठान में शामिल होने वाले साधकों को गंगा के उदगम स्थल गोमुख से अभिमंत्रित और बद्रीनाथ धाम से सिद्ध किए गए गोमती चक्र, केदारनाथ के चरणों से स्पर्श कराए गए पवित्र रुद्राक्ष सहित अभिमंत्रित श्रीयंत्र भी घर ले जाकर स्थापित करने के लिए भेंट किए जाएँगे। जो साधक अब तक पंजीयन नहीं करा सके हैं, उनकी सुविधा के लिए नरसिंह वाटिका पर स्पॉट पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

प्रवेश 3 बजे से प्रारम्भ हो जाएगा। पुरुष साधक श्वेत परिधान में तथा महिलाएं लाल एवं पीताम्बर परिधान में आएंगे।

विद्याधाम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद जी सरस्वती 'भगवन' द्वारा बताई गई श्रीविद्या पद्धति से होने वाली इस साधना का शुभारंभ गुरुवार 4 जून को दोपहर 3 बजे भक्ति-संगीत के साथ होगा। नरसिंह वाटिका स्थित साधना स्थल को गोबर एवं पंचगव्य से लीपकर शुद्ध कर लिया गया है। अनुष्ठान के निमन्त्रण पहले ही इंदौर-उज्जैन के महाकालेश्वर, खजराना गणेश, रणजीत हनुमान, अन्नपूर्णा एवं अन्य सभी प्रमुख देवालयों में समर्पित किए जा चुके हैं।

एक नजर में

**विद्याधाम परिसर में आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा**

# राम कथा भारत भूमि का ऐसा दस्तावेज, जिसकी सत्यता पर कोई संदेह नहीं : पं. शास्त्री



**इंदौर. प्रभु श्रीराम धर्म की शाश्वत मूर्ति हैं. उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम इसीलिए कहा गया है कि उनका सम्पूर्ण जीवन चरित्र बेदाग और निर्दोष रहा है. राम के नाम की महिमा तो इतनी है कि आप केवल अपनी जिव्हा पर उनका नाम भी ले आएं या केवल मानसिक स्मरण भी कर लें तो धर्माचरण पूरा हो जाएगा. राम से बड़ा राम का नाम माना गया है. राम कथा भारत भूमि का ऐसा दस्तावेज है, जिसकी सत्यता पर कोई संदेह नहीं हो सकता. राम और कृष्ण जैसे अवतारों के कारण ही आज सनातन धर्म संस्कृति की ध्वजा पूरी दुनिया में फहरा रही है.**

ये प्रेरक विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने बुधवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में राम जन्म प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या करते हुए व्यक्त किए. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि कथा शुभारंभ के पूर्व हृदयेश दीक्षित, देवी प्रसाद शर्मा, डॉ. लोकेश जोशी, महेश शर्मा, हेमंत शर्मा, राजकिशोर शर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्याधाम परिवार की ओर से समाजसेवी सुरेश शाहरा, राजेंद्र महाजन, विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की ओर से पं. विकास अवस्थी, पं. अखिलेश शर्मा एवं पं. अजय व्यास, विष्णु व्यास, लोकेश शर्मा आदि ने रामचरित मानस का पूजन किया. कथा में श्रीराम जन्म का दिव्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया. जैसे ही कथा प्रसंगानुसार राम जन्म की उद्घोषणा हुई, समूचा कथा स्थल प्रभु श्रीराम और जय जय सियाराम के उद्घोष से गूंज उठा. प्रकोष्ठ की भारती शर्मा एवं पिंकी शर्मा ने बताया कि विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का यह दिव्य आयोजन 7 जून तक प्रतिदिन शाम 3.30 से 7.30 बजे तक चलेगा.

**भगवान का होता है अवतरण**

आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान का जन्म नहीं अवतरण होता है. राम और कृष्ण के बिना हमारी संस्कृति परिपूर्ण नहीं हो सकती. जिस देश में कंकर भी शंकर बन सकता है, उस देश के संस्कारों पर कभी आंच नहीं आ सकती. भगवान तो भाव के भूखे होते हैं, भोग और प्रभाव के नहीं.